आकाशवाणी शिमला

02.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

वेव्स–वैश्विक मीडियासंवाद

वेव्स शिखर सम्मेलन में आज सुबह वैश्विक मीडिया संवाद प्रारंभ हुआ। विदेश मंत्री डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर, सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव तथा सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन इस संवाद में भाग ले रहे हैं। सूचना और प्रसारण मंत्रालय इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन विदेश मंत्रालय के सहयोग से कर रहा है। वेव्स शिखर सम्मेलन वैश्विक मीडिया और मनोरंजन परिदृश्य के साथ भारत के जुड़ाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस सम्मेलन में 60 से अधिक देश भाग ले रहे हैं, जिनमें एशिया, यूरोप, अफ्रीका और अमरीका के प्रतिनिधिमंडल भी शामिल हैं। इस पहल का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढावा देना, सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों को विस्तार देना और वैश्विक मीडिया क्षेत्र में नीति निर्धारण करना, प्रतिभाओं का आदान प्रदान करना तथा क्षमता निर्माण के नये विकल्प तलाशना है।

दिग्विजय सिंह

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व सांसद दिग्विजय सिंह ने कहा है कि पहलगाम आतंकी हमले को लेकर केन्द्र सरकार जो भी निर्णय लेगी पार्टी उसका पूरा समर्थन करेगी। आज शिमला में महिला शिक्षा, युवा और खेल मामलों की संसदीय समिति की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि आतंकवाद को लेकर देश एकजुट है और कांग्रेस पार्टी ने संकल्प पास कर स्पष्ट कर दिया है कि पार्टी ने आतंकवाद के खिलाफ सख्ती से निपटा जाए। बाईट––दिग्विजय सिंह ––

दिग्विजय सिंह ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा सदन में जाति जनगणना के मामले को उठाने के बाद केन्द्र सरकार ने जातिय जनगणना का फैसला लिया है। उन्होंने सरकार के इस निर्णय का स्वागत किया है।

चन्द्र कुमार

कृषि मंत्री चन्द्र कुमार ने वैज्ञानिकों और कृषि अधिकारियों से किसानों को खरीफ फसलों का उत्पादन बढ़ाने में मदद करने का आहवान किया है। वे आज चौधरी सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में खरीफ फसलों पर आयोजित कार्यशाला का शुभारम्भ करने के बाद बोल रहे थे। चन्द्र कुमार ने कहा कि कृषि वैज्ञानिकों को पहाड़ी क्षेत्र के अनुसार कृषि अनुसंधान पर गहन अध्ययन के साथ रिमोट सेंसिंग और मिट्टी पोषक मानचित्र करने का सुझाव दिया। उन्होंने कृषि वैज्ञानिकों व अधिकारियों और कृषि क्षेत्र में अध्ययन कर रहे छात्रों से फील्ड में रहने का भी आहवान किया। कृषि मंत्री ने हल्दी के औषधीय गुणों का जिक्र करते हुए प्रदेश में हल्दी की खेती और उपयोग की सम्भावनाएं तलाशने के भी अधिकारियों को निर्देश दिए।

रणधीर शर्मा

भाजपा प्रवक्ता व विधायक रणधीर शर्मा ने कहा है कि कांग्रेस के संविधान बचाओ अभियान के तहत बिलासपुर में हुए हंगामे से कांग्रेस की अंतर्कल्ह जनता के सामने आ गई है। आज शिमला में एक पत्रकारवार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी संविधान बचाओ नहीं बल्कि कांग्रेस बचाओ अभियान चला रही है और उसमें भी वो पूरी तरह विफल रही है। रणधीर शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री की कार्यप्रणाली से प्रदेश की जनता और उनके मंत्री भी परेशान हैं। उन्होंने कहा कि बिलासपुर में हुई बैठक के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने भी यही कहा है कि न तो उनकी सुनवाई प्रदेश सरकार में है और न ही केन्द्रीय आलाकमान के पास। रणधीर शर्मा ने कहा कि प्रदेश का हर वर्ग मुख्यमंत्री से दुखी है तो ऐसे हालात में उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी केन्द्र सरकार के जातीय जनगणना के मुद्दे को अपने खाते में दर्ज करवाकर झूठा श्रेय लेने का प्रयास कर रही है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि 60 साल तक देश की सत्ता पर काबिज रहने वाली कांग्रेस पार्टी ने इससे पहले जातिगत जनगणना क्यूं नहीं करवाई। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा ही अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के लोगों को केवल वोट बैंक के लिए इस्तेमाल किया है। बिंदल ने आरोप लगाया कि बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर द्वारा बनाए गए संविधान को कांग्रेस की विभिन्न सरकारों ने अपने स्वार्थ व राजनीतिक हित साधने के लिए 75 बार बदला है।

नमस्कार।